**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 03 दिसंबर 2024, समय 1810 (10 मिनट)**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज चंडीगढ़ में नए आपराधिक कानूनों की प्रगति की समीक्षा के बाद उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया।**
- **श्री मोदी ने कहा कि नए आपराध कानूनों का लागू होना संविधान में परिकल्पित आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है।**
- **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लोगों को त्वरित न्याय दिलाने वाले यह कानून तीन साल के भीतर पूरे देश में लागू हो जायेंगे।**
- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये।**
- **अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर हरियाणा के श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों के लिए ई व्हीकल अष्टावक्र 2.0 जारी किया गया।**

**************************************************************************

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज चंडीगढ़ में नए आपराधिक कानूनों की प्रगति की समीक्षा के बाद उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और  चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया  भी मौजूद रहे।उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के जाने के बाद भी वर्षों तक अंग्रेजी कानूनों से मुक्ति नहीं मिली, हालांकि समय समय पर इन कानूनों में छोटे मोटे सुधार करने के प्रयास किए**

गए। श्री मोदी ने कहा कि वर्षों के मंथन और संवाद के बाद नए आपराधिक कानून लागू हुए हैं।     प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नए कानून भारत को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करेंगे।

श्री मोदी ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों का लागू होना उन आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है, जिनकी परिकल्पना हमारे संविधान में की गई थी।प्रधानमंत्री ने कहा कि चंडीगढ़ में भारतीय न्याय संहिता पूरी तरह लागू हो गई है। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता के  लागू होने पर सभी को शुभकामनाएं दीं।

श्री मोदी ने भारतीय न्याय संहिता के मौजूदा स्वरूप को लागू करने में सहयोग के लिए सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालयों विशेषकर  पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय और चंडीगढ़ बार काउंसिल के सदस्यों को को धन्यवाद दिया।इससे पहले प्रधानमंत्री ने पुलिस द्वारा नए कानूनों के लागू होने के बाद कानून प्रवर्तन, न्यायिक प्रक्रियाओं और साक्ष्य प्रबंधन में सुधार को प्रदर्शित करने के लिए थिएटर कलाकारों की मदद से  किए गए लाइव प्रदर्शन को देखा।

*******************************************************************
*********

आज चंडीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नए आपराधिक कानूनों की प्रगति की समीक्षा के मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नए आपराधिक कानून लागू करने का उद्देश्य लोगों को त्वरित न्याय दिलाना है।

गृह मंत्री ने चंडीगढ़ में भारतीय न्याय संहिता पूरी  तरह लागू होने पर बधाई दी और कहा कि यह कानून तीन साल के अंदर पूरे देश में लागू हो जाएंगे।

*************************************************************
***********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर 33 प्रतिशत की दिव्यांगता वाले अनुकरणीय व्यक्तियों और संस्थाओं के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये।

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन कराना, मानव समुदाय में संवेदनशीलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को हर तरह से बाधा मुक्त वातावरण सुलभ कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि इस पुरस्कार के विजेता समाज के लिए आदर्श के रूप में उभरकर सामने आ रहे हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि दिव्यांगजनों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने, उनके कौशल को विकसित करने, उन्हें रोजगार देने, उनके उत्पादों को खरीदने की प्राथमिकता देने और बाजार की सुविधायें प्रदान करने से दिव्यांगजनों के नेतृत्व की क्षमता बढेगी।

राष्ट्रपति ने दिव्यांगजनों को सार्वभौमिक सुगमता प्रदान करने में सुगम्य भारत अभियान की भूमिका का उल्लेख भी किया।

*************************************************************
***********

आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर के अवसर पर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. राज नेहरू और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के डीन, प्रोफेसर उज्ज्वल कल्ला द्वारा आज दिव्यांगों के लिए ई व्हीकल "अष्टावक्र 2.0" जारी किया गया।कबाड़ से बना यह ई व्हीकल दिव्यांगों के

लिए सड़क से लेकर ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर भी काफी कारगर होगा। इसे चार पहियों के साथ डिजाइन किया गया है ताकि यह खराब रास्तों पर भी संतुलित रहे। "अष्टावक्र 2.0" को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के उत्कृष्टता केंद्र में विद्यार्थियों ने डिजाइन और फेब्रिकेट किया है। इस पर महज 35 हजार रुपए की लागत आई है और यह अधिकतम 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ सकती है।

************************************************************************

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में चल रहे सरस और शिल्प मेले में विभिन्न राज्यों से पहुंचे शिल्पकारों की हाथों की अद्भुत कारीगरी सब को प्रभावित कर रही है।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के मेले में असम से आए शिल्पकार अपने साथ बांस से बना घर की सजावट का सामान अपने साथ लेकर आए है तो गुजरात की एक शिल्पकार पैच वर्क वाले कुशन और चादर व अन्य समान बेच रही है।

यह शिल्पकार अपनी हस्त शिल्पकला से अपने साथ दूसरे लोगों को भी आजीविका कमाने के अवसर प्रदान करते है।

*******************************************************************

हरियाणा में राज्यसभा की एक सीट पर उपचुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है।। उम्मीदवार 10 दिसंबर तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं।यह सीट कृष्ण लाल पंवार के त्यागपत्र के बाद खाली हुई थी। 11 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 13 दिसंबर को नामांकन वापसी की अंतिम तिथि है।रिटर्निंग अधिकारी अशोक कुमारमीणा ने बताया कि अगर जरूरत पड़ती है

**तो 20 दिसंबर को मतदान करवाया जाएगा। सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मतदान के बाद उसी दिन मतगणना होगी।**

**************************************************************************

**हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि विभाग का हर अधिकारी अपने क्षत्र में जाए और लोगों की समस्याओं को ख़ुद सुने।साथ ही उन्होंने अधिकारियों को ड्यूटी चार्ट बनाने को भी कहा जिसमें अधिकारी की किस दिन कहाँ ड्यूटी लगी है इसकी पूरी जानकारी हो।श्रीमती चौधरी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फील्ड ड्यूटी पर तैनात अधिकारी अगर अपने क्षेत्र में नहीं जाएगा तो उनके ख़िलाफ़ सख़्त कार्रवाई की जाएगी।मंत्री ने कहा कि वे स्वयं भी जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन देखने के लिए दौरे करेंगी।श्रीमती श्रुति चौधरी ने पोषण योजना के तहत महिलाओं, बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और उसके वितरण तथा महिलाओं व बच्चों में वितरित किए जाने वाले पोषक तत्वों से भरपूर आटा, चावल, पंजीरी व दूध वितरण की जानकारी भी हासिल की।उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए कि वे आंगनबाड़ी में पौष्टिक भोजन समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें । उन्होंने पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल महिला चौपाल बनाने व नए आंगनबाड़ी केंद्र बनाने के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा की।**

************************************************************************